लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 915

07 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

'पीएम मित्र पार्क'

915. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:
डॉ. जयंत कुमार राय:
श्रीमती डिम्पल यादव:
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 7 पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान पीएम मित्र के अंतर्गत आबंटित और व्यय की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) पीएम मित्र के अंतर्गत प्रत्यक्ष विदेश निवेश की धनराशि तथा जनित रोजगार का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पीएम मित्र के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे अन्य कदम क्या हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ङ): सरकार ने वर्ष 2027-28 तक 4,445 करोड़ रु. के परिव्यय से प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचनात्मक ढांचा के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क की स्थापना को मंजूरी दे दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ), महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है।

यह परिकल्पना की गई है कि प्रत्येक पार्क (पूरा होने पर) लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश (विदेशी और घरेलू) और लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ होगा। योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, मास्टर डेवलपर/अन्य डेवलपर्स के कार्यरत होते ही धनराशि का वितरण शुरू हो जाएगा।

पीएम मित्र पार्क के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, केंद्र और राज्य सरकारों, औद्योगिक निगमों, नीति आयोग, आर्थिक मामलों के विभाग, प्रमुख उद्योग कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी 7 राज्यों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए नियमित हितधारक परामर्श आयोजित किए जाते हैं।

*****